आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- बैंकिंग क्षेत्र प्रशासन में सुधार के लिये बैंकिंग कानून संशोधन अधिनियम–2025 आज से प्रभावी हो गया है।
- पूरे विश्व के साथ द्वीपसमूह में भी विश्व स्तनपान सप्ताह आज से शुरू हो रहा है।
- कृषि विभाग की ओर से कैम्पबेल बे के गोविंद नगर क्षेत्र में कल स्पाइस प्रवाह अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- स्वराज द्वीप वन प्रभाग की ओर से महीने भर चले 76वें वन महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

बैंकिंग क्षेत्र प्रशासन में सुधार तथा निवेशक और जमाकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये बैंकिंग कानून संशोधन अधिनियम–2025 आज से प्रभावी हो गया है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष 15 अप्रैल को अधिसूचित अधिनियम का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऑडिट गुणवत्ता में सुधार और सहकारी बैंकों में अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशकों को छोड़कर, निदेशकों का कार्यकाल बढ़ाना है। अधिनियम के प्रावधान अधिकतम ब्याज की सीमा में भी संशोधन करेंगे और इसे पांच लाख रुपये से बढ़ाकर दो करोड़ रुपये तक किया जाएगा। 1968 के बाद से इस सीमा में कोई संशोधन नहीं हुआ है। नया अधिनियम 1970 के संविधान संशोधन के अनुरुप सहकारी बैंकों में निदेशकों का कार्यकाल आठ वर्ष से बढ़ाकर दस वर्ष करेगा। बैंकिंग कानून संशोधन अधिनियम–2025 के तहत पांच विधानों में कुल 19 संशोधन किए गए है।

<><><><><><><>

पूरे विश्व के साथ द्वीपसमूह में भी विश्व स्तनपान सप्ताह आज से शुरू हो रहा है, जो 7 अगस्त, तक चलेगा। इस वर्ष की थीम है 'स्तनपान में निवेश करें, भविष्य में निवेश करें'। इसमें मानव विकास के आधार के लिए स्तनपान की सुरक्षा और नीतिगत कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया जाएगा। इसके तहत एक सुरक्षित और सहायक वातावरण का निर्माण शामिल है, जहाँ नई माताओं को पर्याप्त सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रसव स्थलों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए

द्वीपसमूह के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सप्ताह के दौरान सामुदायिक स्तर पर गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। स्वास्थ्य निदेशालय के परिवार कल्याण उप–निदेशक डॉ. एच एम सिद्धाराजू ने स्तनपान के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मां का दूध ही शिशुओं के लिए सर्वोत्तम आहार है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक परियोजना अधिकारी की ओर से पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कैम्पबेल बे में चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान और सहायता करना था। कैम्पबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और एलिम्को के विशेषज्ञ ने पंजीकृत और चिन्हित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का मूल्यांकन किया और उन्हें समय पर सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।। शिविर में छात्र, अभिभावक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग और डाक विभाग के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार, डाक विभाग के कर्मचारियों को देश भर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत स्थापित इकाइयों का भौतिक सत्यापन करने का कार्य सौंपा गया है। इस पहल के तहत, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा हाल ही में डाक विभाग के कर्मचारियों के लिए एक क्षेत्रीय भ्रमण सहित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण द्वीपसमूह में वित्तपोषित पीएमईजीपी इकाइयों के भौतिक सत्यापन पर केंद्रित था। इस प्रशिक्षण में डाक विभाग के कुल 18 कर्मचारियों ने भाग लिया। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने पर, पीएमईजीपी इकाइयों के लिए मार्जिन मनी सब्सिडी संबंधित लाभार्थियों के खातों में समायोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से कैम्पबेल बे के गोविंद नगर क्षेत्र में कल स्पाइस प्रवाह अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यापक पौधा रोपण अभियान पर केन्द्रित था। इस अवसर पर सहायक आयुक्त डॉ. केशव नरेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने काली मिर्च का एक पौधा लगाया और किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी भूमि पर काली मिर्च, लौंग, जयफल और दालचीनी जैसे मसालों की खेती कर सकते है। कार्यक्रम में मृदा सहायक निदेशक सिकेला नवाज़ ने भी

किसानों को मसालों की खेती से होने वाली लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पच्चीस से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसानों को सहायक आयुक्त द्वारा पौधे भी वितरित किए गए।

<><><><><><>

स्वराज द्वीप वन प्रभाग की ओर से 76वें वन महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन श्यामनगर में किया गया। इस अवसर पर एस डी पी ओ फ़िरोज़ आलम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने स्वराज और शहीद द्वीप में व्यापक वृक्षारोपण प्रयासों के लिए वन विभाग की सराहना की। उन्होंने प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी पर ज़ोर दिया कि वह न केवल पेड़ लगाए, बल्कि एक हरित भविष्य और स्वच्छ पर्यावरण के लिए उनकी सुरक्षा भी करे।। कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुखों, स्कूल शिक्षकों और छात्रों ने भी भाग लिया। मुख्य अतिथि और अन्य लोगों ने फलदार वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया, जो महीने भर चलने वाले इस उत्सव के समापन का प्रतीक था। वन महोत्सव के दौरान, विभिन्न विभागों के परिसरों में दस हजार से अधिक पौधे लगाए गए। वन महोत्सव के उपलक्ष्य में विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं अन्य लोगों द्वारा प्रमाण पत्र सहित पुरस्कार प्रदान किए गए।

<><><><><><>

ननकौड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और पुलिस थाना के सहयोग से मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, कामोर्टा में स्वास्थ्य और नशा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य, व्यक्तिगत सुरक्षा और नशा के दुष्प्रभावों पर जानकारी देना था। सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी डॉ. क्लेमेंटाइन और चिकित्सा अधिकारी, होमियोपैथी डॉ. शबनम सलीम ने छात्रों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श, व्यक्तिगत स्वच्छता और सामान्य स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में बताया। पुलिस उप–निरीक्षक राहिल इस्लाम ने छात्रों को नशीली दवाओं के उपयोग और मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावाओं के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने पशु चिकित्सा इकाइयों में जैव–चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, पृथक्करण और संग्रहण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित निपटान प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने और जैव सुरक्षा बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के बीच

जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण के दौरान जैव चिकित्सा अपशिष्ट श्रेणियों के उचित पृथक्करण और पर्यावरणीय खतरों को रोकने के लिए स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर दिया गया।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा में अनुबंध के आधार पर काउंसलर के पद हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र ब्लॉक परियोजना कार्यालयों या क्षेत्रीय कार्यालयों में चार अगस्त शाम पाँच बजे तक निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक पूर्ण भरे हुए आवेदन को सम्बन्धित कार्यालयों में अट्ठारह अगस्त शाम पाँच बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदक एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र जमा नहीं कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पुलिस विभाग में होम गार्ड के पदों पर होने वाली भर्ती के लिए चयनित उम्मीदवारों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। इसमें कुल पांच सौ बयालीस उम्मीदवारों का चयन किया गया है। होम गार्ड की नियुक्ति तीन वर्ष अवधि के लिए होगी।

<><><><><><><>

पाइप लाइन के मरम्मत कार्य के कारण सरकारी सीनियर स्कूल, स्कूल लाइन के पास चाणक्य ट्यूशन सेंटर की मुख्य सड़क, कल और 3 अगस्त को बंद रहेगी। इस दौरान सभी वाहनों को स्कूल लाइन रांची टेकरी रोड और आईएनएस उत्क्रोश गेट से मिन्नी बे की ओर जाना होगा। यह कार्य रात 9:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक किया जाएगा।

<><><><><><><>